## गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम की आख्या |

भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिशानिर्देशों के संदर्भ में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम 1 सितम्बर से 15 सितम्बर 2018 तक चलाया जा रहा है|

**1**-इस कार्यक्रम की शुरुवात 1 सितम्बर 2018 को प्रातः 8:00 बजे से एन.एस.एस. के कार्यकर्ताओं के द्वारा यू.टी.डी. बिल्डिंग प्रांगण में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम से की गयी| इस कार्यक्रम के आयोजक एन.एस.एस कार्यक्रम समन्यवक. डॉ. ब्रजेश तिवारी थे|

**2**-दिनांक 3 एवं 4 सितम्बर 2018 को सम्पूर्ण परिसर में स्वच्छता अवेयरनेस ड्राइव प्रातः 8:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलाया गया इसके अंतर्गत परिसर में बैनर के माध्यम से एवं शैक्षणिक विभागों में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थिओं से स्वच्छता पर चर्चा की गयी| इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग कला अध्यनशाला के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर डॉ.एम्.एस.धपोला द्वारा की गयी|

**3-** दिनांक 5 सितम्बर 2018 को नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम 12: 00 बजे से 1:00 बजे तक यू.टी.डी. बिल्डिंग प्रांगण में आयोजित की गयी | इस कार्यक्रम में विधि विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गयी क्लीन भारत टीम ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया| इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग फिजिकलसाइंस अध्यनशाला के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर डॉ.विजय कुमार राय द्वारा की गयी|

**4**-दिनांक 6 सितम्बर 2018 को शैक्षणिक विभागों में स्वच्छता अवेयरनेस कार्यक्रम शाम 4:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलाया गया केवल वाणिज्य विभाग में यह कार्यक्रम 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रखा गया| इसके अंतर्गत सभी शैक्षणिक विभागों में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थिओं से स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया एवं साफ़ सफाई की गयी| इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग अभियांत्रिकी अध्यनशाला के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर श्री अतुल साहू द्वारा की गयी|

**5-** दिनांक 7 सितम्बर 2018 को स्वच्छता शपथ एवं हरित परिसर हेतु वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था| स्वच्छता शपथ कार्यक्रम 1:30 बजे प्रशासनिक भवन में आयोजित की गयी | स्वच्छता शपथ माननीया कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को दिलाई गयी |कार्यक्रम में कुलसचिव गुरु घासीदास विश्वविद्यालय प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के माननीय कुलपति प्रोफेसर के.एल. वर्मा सहित प्रिंसिपल मीट में पधारे विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य भी उपस्थित थे | इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग जीवन विज्ञान अध्यनशाला के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर डॉ. सुशांत वर्मा द्वारा की गयी|

**6-** दिनांक 7 सितम्बर 2018 को ही स्वच्छता शपथ कार्यक्रम कार्यक्रम के पश्चात गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के माननीय कुलपति प्रोफेसर के.एल. वर्मा सहित सभी शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ जैव प्रौद्योगिकी विभाग में जा कर वहा हरित परिसर अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया| जिसमे कार्यक्रम समन्यवक प्रोफेसर बी. एन. तिवारी थे|

**7-** दिनांक 8 सितम्बर 2018 को कैंपस क्लीनिंग ड्राइव कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे से एन.एस.एस. के कार्यकर्ताओं के द्वारा यू.टी.डी. बिल्डिंग प्रांगण में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम से की गयी| इस कार्यक्रम के आयोजक पुनः एन.एस.एस कार्यक्रम समन्यवक. डॉ. ब्रजेश तिवारी रहे|

**8-** दिनांक 10 सितम्बर 2018 को departmental क्लीनिंग ड्राइव कार्यक्रम शाम 3:00 बजे से 5 बजे तक सभी विभागों में आयोजित की गयी| इस कार्यक्रम के आयोजक सभी विभागों के अध्यक्ष रहे| इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग अभियांत्रिकी अध्यनशाला के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर श्री अतुल साहू द्वारा की गयी|

**9-** दिनांक 11 सितम्बर 2018 को स्क्रीनिंग ऑफ़ शार्ट फिल्म्स कार्यक्रम शाम 3:00 बजे से 4:00 बजे तक यू.टी.डी. बिल्डिंग के ई- क्लास रूम में आयोजित की गयी जिसमे 9 शार्ट फिल्म् दिखाई गयी| इस कार्यक्रम के समन्यवक प्रोफेसर मनीष श्रीवास्तव थे| इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग गणितीय एवं संगणक विज्ञान अध्यनशाला के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर डॉ. के.एन.वी.वी.वाराप्रसाद द्वारा की गयी|

**10-** दिनांक 12 सितम्बर 2018 को स्वच्छता अभियान एवं भारत निर्माण विषय पर भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम शाम 3:30 बजे से 5:30 बजे तक रजत जयंती सभागार के हॉल संख्या 1 में आयोजित की गयी| जिसमे प्रत्येक अध्धयनशाला से दो-दो विद्यार्थियों का चयन अध्धयनशालाओं के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर एवं सांस्कृतिक समन्वयक द्वारा किया गया था| प्रत्येक अध्धयनशाला से चयनित विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर **स्वच्छता अभियान एवं भारत निर्माण** विषय पर भाषण दिया जिसमे शिवम मिश्र बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर वानिकी विभाग प्राकृतिक संसाधन अध्धयनशाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया| द्वितीय स्थान पर आकांक्षा साहू बी.एस.सी.प्रथम सेमेस्टर फॉरेंसिक साइंस विभाग जीवन विज्ञान अध्धयनशाला रही| तृतीय स्थान पर सांत्वना जयहिन्द सिंह बी.टेक.प्रथम सेमेस्टर ओद्योगिक एवं उत्पादन अभियांत्रिकी विभाग तकनिकी संस्थान अध्धयनशाला रहे| इस भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में प्रोफेसर प्रतिभा जे. मिश्रा प्रोफेसर समाजकार्य विभाग, डॉ. राजेश भूषण एसोसिएट प्रोफेसर यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग तथा डॉ. बबिता मांझी असिस्टेंट प्रोफेसर संगणक विज्ञान विभाग रही| इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग वाणिज्य एवं प्रबन्धन अध्यनशाला के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर डॉ. गोशाला राजू द्वारा की गयी|

**11-** दिनांक 13 सितम्बर 2018 को department स्तर पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शाम 3:00 बजे से 5 बजे तक सभी विभागों में आयोजित होनी थी किन्तु गणेश चतुर्थी के अवकाश के कारण इस कार्यक्रम को आज दिनांक 14 सितम्बर को आयोजित किया गया | इस कार्यक्रम के आयोजक सभी विभागों के अध्यक्ष है| इस कार्यक्रम में सभी विभाग के शिक्षक कक्षाओ में जाकर स्वच्छता के विषय में जानकारी दिये | इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग प्राकृतिक संसाधन अध्यनशाला के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर डॉ. दिलीप कुमार द्वारा प्रस्तुत की गयी |

**12-** दिनांक 14 सितम्बर 2018 को विश्वविद्यालय स्तर पर स्वच्छता विचार मंथन का आयोजन रजत जयंती सभागार के हॉल संख्या 1 में किया गया | जिसकी मुख्य अतिथि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता रही|उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास बाबा और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना के साथ किया उनके ही साथ गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार ने भी पूजा अर्चना की| स्वागतीय उद्बोधन स्वच्छता पखवारा के नोडल ऑफिसर डॉ. सुजीत कुमार द्वारा दिया गया इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता पखवारा का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया| स्वागत उद्बोधन के पश्चात् सभी अद्ध्ययनशालाओ के अधिष्ठाता स्वच्छता विषय पर विचार स्वागत उद्बोधन के पश्चात् सभी अद्ध्ययनशालाओ के अधिष्ठाता स्वच्छता विषय पर विचार व्यक्त किये|जीवन विज्ञान की अधिष्ठाता डॉ. रेनू भट्ट ने कहा कि स्वच्छता के साथ साथ हमारे अंदर नैतिक एवं स्वास्थ्य मूल्यों का विकास होना जरूरी है| 2014 से अब तक इस अभियान से लगभग 12 करोड़ लोग जागरूक हुए है| गणितीय एवं संगणक अद्ध्ययनशाला के अधिष्ठाता प्रोफेसर ए.एस.रणदिवे ने कहा कि स्वच्छता के लिए कार्य योजना का बनाया जाना तथा कार्यो के अभिकरण के बीच के रिक्त को भरा जाना जरूरी है | कला अद्ध्ययनशाला के अधिष्ठाता प्रोफेसर मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता हम सभी के जीवन का अभिन्न अंग है इसलिए हमे पहले अपने मन, घर और परिवेश को स्वच्छ करना होगा| समाज विज्ञान अद्ध्ययनशाला की अधिष्ठाता प्रोफेसर अनुपमा सक्सेना ने कहा कि भविष्य में ई- कामर्स से उत्पन्न समस्या का सामना करना पड़ सकता है| भौतिकीय विज्ञान अद्ध्ययनशाला के अधिष्ठाता प्रोफेसर पी.के. बाजपेयी ने कहा कि जब तक हम अपशिष्ट पदार्थ को बहुमूल्य पदार्थ नहीं मानेंगे तब तक हम अपने राष्ट्र को स्वच्छ राष्ट्र नही बना पाएंगे| मुख्य अतिथि

माननीया कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता ने अपने अद्ध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता का मतलब सिर्फ झाड़ू लगाना ही नही है बल्कि स्वच्छता का मतलब हमारे आस पास के वातावरण की स्वच्छता, मन की स्वच्छता, समाज की स्वच्छता तथा हमारे मानसिक स्वच्छता से सम्बन्धित है उन्होंने कहा कि यह स्वच्छता सिर्फ स्वच्छता पखवारा तक ही सीमित नही रहना चाहिए, हमने जो शपथ लिया है उसको पूरा करना होगा| अपने उद्बोधन के पश्चात माननीया कुलपति महोदया ने स्वच्छता विषय पर हुए भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया| कार्यक्रम में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया इसी सन्दर्भ में उन्होंने बताया कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा विश्वविद्यालयों के स्वच्छता से सम्बन्धित लगातार दिशा निर्देश प्राप्त हो रहे है और अब स्वच्छता ऑडिट के लिए कार्य हेतु टीम बनाया जाना है| कार्यक्रम की रिपोर्टिंग समाज विज्ञान अध्यनशाला के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर श्री अजय समीर कुजूर द्वारा प्रस्तुत की गयी|

इस स्वच्छता पखवारा की रूपरेखा तय करने में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. एम्.एन. त्रिपाठी, एन.एस.एस. के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ब्रजेश तिवारी एवं उन्नत भारत अभियान के समन्वयक डॉ. के. के. चंद्रा जी थे | कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में सभी अद्ध्ययनशालाओ के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्षों ने अपना सहयोग दिया| सबसे महत्वपूर्ण सभी कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग अध्धयनशालाओं के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर डॉ. गोशाला राजू, श्रीअतुलसाहू, श्रीअजयसमीरकुजूर, डॉ.एम्.एस.धपोला, डॉ.सुशांतवर्मा, डॉ.के.एन.वी.वी.वाराप्रसाद, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ.विजयकुमारराय द्वारा समय से की गयी जिसके कारण मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा तत्काल मांगे गये रिपोर्ट को swachchhtapakhwara18@gmail.com पर 12 सितम्बर तक की रिपोर्ट भेजी जा चुकी है| 14/9/2018 को हुए कार्यक्रम के रिपोर्ट भी दी भेजी जा रही है

धन्यवाद|

सुजीत कुमार
स्वच्छता समन्वयक
गु.घा.वि.वि. बिलासपुर छ.ग.